न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 43/2024 बउनवानी रईस खान बनाम लो.सू.अधि.एवं तहसीलदार मलारना डूँगर पुत्र श्री नामदार खान निवासी मलारना डूँगर

GCMS No-2024/97

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज	

20.9.2024

पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही। लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूँगर की ओर से पैरोकार राजस्व उपस्थित। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत दिनांक 22.6.2024 को लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूँगर को अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर प्रार्थना पत्र मे उल्लेखित निम्नांकित सूचनाऐं उपलब्ध कराये जाने हेतु निवेदन किया गयाः–

1. तहसीलदार मलारना डूँगर के कार्यालय का पत्र कमांक /रीडर/सूकाअ/2024/368 दिनांक 11.6.2024 के अनुसार तहसीलदार द्वारा सूचना भिजवायी है जिसके परिप्रेक्ष्य मे तहसीलदार मलारना डूँगर के पत्र कमांक/सतर्कता/2023/2016दिनांक 19.10.2023 के बिन्दु संख्या 3 के मुताबिक आपने प्रार्थी के नाम ग्राम मलारना डूँगर ए मे 15 बिस्वा भूमि स्थित बतायी है प्रार्थी द्वारा चाही गयी सूचना मे भूमि से संबंधित से नही मांगी है चाही गयी सूचना की सूचना ओर पटवारी हल्का मलारना डूँगर व पटवारी हल्का शेषा को तहसीलदार द्वारा पालना हेतु लिखा गया जो सूचना चाही है उसका संबंध प्रार्थी की भूमि से नही हेने के परिप्रेक्ष्य मे चाही गयी सूचना देवे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में उल्लेखित सूचना, लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूँगर द्वारा अपीलान्ट को अन्दर मियाद उपलब्ध नही कराये जाने के कारण उक्त अधिनियम की धारा 19(1) के तहत प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रस्तुत की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूँगर को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया साथ ही सम्बन्धित उभयपक्षों की सुनवायी तलबी जरिये नोटिस की गयी।

नियत पेशी पर अपीलान्ट उपस्थित नही। दौराने सुनवायी उपस्थित पैरोकार राजस्व ने लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूँगर की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस कमांक/रीडर/आरटीआई/2024/607 दिनांक 4.9.2024 की ओर ध्यान आकर्षित कर कथन किया कि अपीलान्ट द्वारा प्रेषित प्रार्थना पत्र दिनांक 22.6.2024 मे चाही गयी सूचना का यद्यपि पूर्ण विवरण अंकित नही है इसके बावजूद भी लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मलारना डूँगर द्वारा अपीलान्ट को जरिये पत्रांक 593 दिनांक 2.9.24 से सूचना भिजवायी जा चुकी है। इसलिए अपील अपीलान्ट खारिज किये जाने बाबत पैरोकार राजस्व द्वारा निवेदन किया गया।

पैरोकार राजस्व द्वारा किये गये कथन एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचता हूँ, कि अपीलान्ट द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 22.6.2024 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मे चाही गयी सूचना तहसीलदार मलारना डूँगर के पत्रांक 593 दिनांक 2.9.2024 से अपीलान्ट को भिजवायी जा चुकी है। चूंकि अपीलान्ट द्वारा चाही गयी सूचना तहसीलदार मलारना डूँगर द्वारा अपीलान्ट के उपलब्ध करवायी जा चुकी है इसलिए अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी।

Signature Not Verified

Digitally signed by Khushaal Yadav
Date: 2024.09.26 15:46:54 IST
Reason: SelfAttested

(डॉ० खुशाल यादव)
जिला कलेक्टर
सवाई माधोपुर

Scanned with OKEN Scanner